और राह बदल गई

शिम्बू की कहानी

International
Labour
Organization



A Flipbook on HIV and AIDS Education for Informal Workers

और राह बदल गई

शिम्बूक ीक हानी

A Flipbook on HIV and AIDS Education for Informal Workers

सर्वाधिकार © अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन 2011

सार्वभौमिक सर्वाधिकार समझौते के संलेख 2 के तहत इस प्रकाशन पर अंतरराष्ट्रीय श्रम कार्यालय का सर्वाधिकार सुरक्षित है, इसके बावजूद पुस्तक के विशेष अंशों का, स्रोत को उद्धृत करते हुए उल्लेख किया जा सकता है। पुस्तिका के पुन: प्रकाशन या अनुवाद के अधिकार के लिए प्रकाशन ब्यूरो (अधिकार और अनुमति) अंतरराष्ट्रीय श्रम कार्यालय, सीएच 1211 जेनेवा 22, स्विट्जरलैंड को आवेदन करें। अंतरराष्ट्रीय श्रम कार्यालय ऐसे आवेदनों का स्वागत करता है।

कॉपीराइट लाइसेंसिंग एजेंसी, 90 टोटनहैम कोर्ट रोड, लंदन, डब्ल्यू1 टी4 एलपी (फैक्स (+44(0) 20 7631 5500), ईमेल cla@cla.co.uk) के तहत यूके में रजिस्टर्ड, कॉपीराइट क्लियरेंस सेंटर, 222 रोजवुड ड्राइव, डेनवर्स एम ए (फैक्स (+1 (978)750 4470, ईमेल info@copyright.com) के तहत अमेरिका में रजिस्टर्ड और एसोसिएटेड रिप्रोडक्शन राइट्स ऑर्गेनाइजेशनंस के तहत दूसरे देशों में रजिस्टर्ड पुस्तकालय, संस्थान और अन्य प्रयोगकर्ता इस उद्देश्य के लिए जारी किए गए लाइसेंस के तहत फोटोकॉपीज बना सकते हैं।

ISBN : 978-92-2-025031-0 (print)

ISBN : 978-92-2-025032-7 (web pdf)

प्रथम प्रकाशन 2011

आईएलओ के प्रकाशनों में प्रयुक्त पदनाम जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा व्यवहार में लाए जाते हैं और उसमें प्रस्तुत सामग्री की आईएलओ के किसी देश की वैधानिक स्थिति, क्षेत्रफल, किसी भूभाग या उसके आधिपत्य और सीमाओं के परिसीमन के बारे में विचार विशेष नहीं हैं।

नामांकित लेखों, अध्ययनों या अन्य सहयोग सामग्री में प्रस्तुत विचारों की जिम्मेदारी पूरी तरह से उनके लेखकों की है और आईएलओ के प्रकाशनों में छपे होने पर उन्हें आईएलओ का समर्थन नहीं माना जाए।

प्रकाशनों में प्रयुक्त संस्थानों के नाम और व्यापारिक उत्पादों के उद्धरणों को भी आईएलओ का समर्थन न माना जाए और यदि किसी संस्था का उद्धरण रह गया हो तो उसे संस्था के प्रति आईएलओ की असहमति न मानी जाए।

आईएलओ के प्रकाशन बड़े पुस्तक विक्रेताओं या अनेक देशों में स्थित संगठन के स्थानीय कार्यालयों से या सीधे आईएलओ प्रकाशन, अंतरराष्ट्रीय श्रम कार्यालय, सीएच 1211 जेनेवा 22, स्विट्जरलैंड से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस पते से या pubvente@ilo.org पर ईमेल से पुस्तक सूचीपत्र और नए प्रकाशनों का विवरण मुफ्त भेजा जाता है।

अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित वेबसाइट्स पर विजिट करें

www.ilo.org/publns या www.ilo.org/india www.ilo.org/hivaidsindia

भारत में मुद्रित

Foreword

Nearly 93% of the 400 million working population in India, is in the informal economy, that also includes a large section of migrant workers, who may be exposed to the risks of HIV infection owing to factors such as difficult working and living conditions, low literacy and poor social protection benefits.

The ILO in India has demonstrated key approaches and entry points for reaching formal and informal workers with HIV and AIDS workplace programme and policy, based on the ILO Code of Practice on HIV/AIDS and the world of work.

The ILO's approach of building capacity of trade unions and supporting them to take up HIV/AIDS interventions has demonstrated the crucial role unions can play in reaching the informal/ migrant workers. This effort of ILO compliments the National AIDS Control Programme that accords high priority to reaching Out to mobile and migrant workers.

The ILO is committed to meet the technical assistance need of its partners for implementing a world of work response to HIV and AIDS. As part of this effort, I am happy to present this flipbook that has been developed for use by health educators in the HIV and AIDS intervention projects with the informal / migrant workers in India. I am hopeful that this flipbook will help in conducting effective preventive education session on HIV/AIDS/STIs with the informal workers.

The flipbook has been developed following a systematic process of pre-testing and finalization with active participation from the field workers engaged in HIV and AIDS intervention with migrant workers, trade union members and the construction worker communities. I wish to reiterate that this is a communication aid; it is ultimately the ingenuity and skills of the educator that make effective education sessions. I will be happy to receive your feedback and experiences of using this flip book. I wish all trade unions and civil society organizations and their team of health educators a great success in their work.

Finally, I thank my colleagues in the HIV/AIDS team, consultants and designer involved in developing this flip book. I also acknowledge the contribution of the constituents and partners for their inputs and support.

Tine Staermose
Director

Message from UNAIDS

Thirty years into the HIV epidemic, AIDS has become an integral part of countries' health and development challenges. We need to strengthen the links with multi-stakeholders to achieve universal access and ensure sustainability of the HIV response. India has about 2.4 million estimated people living with HIV in 2009, of these 83 % are in the age group of 15 – 49 yrs, belonging to a productive labour force.

India's epidemic has long been concentrated in specific populations, namely injecting drug users, sex workers and their clients, and men who have sex with men. However, the epidemic in many parts of India is steadily expanding into lower-risk populations through transmission to the sexual partners of those most at risk such as mobile and migrant workers, who are part of the informal sector. The national programme takes into consideration the vulnerability of the informal workers to HIV infection and has developed a strategy to address them.

We are happy to have the collaboration with the International Labour Organization (ILO), one of the cosponsors of the Joint UN Programme on AIDS (UNAIDS), with an objective to develop policies and programmes on HIV/AIDS in the world of work. ILO brings with it its huge experience and conviction of promoting social justice and internationally recognized human and labour rights, and its tripartism. It has been a worthy effort of UNAIDS-India in providing support to the ILO India HIV/AIDS programme for expanding HIV/AIDS interventions with migrant and informal workers, particularly in the construction sector through the trade unions. This approach contributes to the strategy of the National AIDS Control Programme for reaching migrant and mobile workers.

This flip-book with the story about Shimbu, a young construction worker from a village, treads the wayward path, becomes wise and changes his path and leads his friends and other workers towards the new path, is a real depiction of the lives of young construction workers. It has gone through a very meticulous technical process of developing, vetting and pre-testing

I appreciate the ILO for developing such a valuable tool. It is designed to aide the outreach workers who are engaged in HIV intervention for the migrant/ informal workers. It is hoped that this publication will be of immense use to all the project implementers and will be widely used.

These small steps would collectively help the UN moving forward to realize the global vision for the HIV response of zero new infections, zero AIDS-related deaths and zero discrimination

With best wishes

Charles Gilks.

Overview and Notes for Facilitator

Introduction

At the end of 2009, India has an estimated 2.4 million People Living with HIV, 83% of which are from the most productive age-group of 15-49 years. The ILO in India in collaboration with the Ministry of Labour and Employment, National AIDS Control Organization, UNAIDS, Employer's and Worker's organizations and Networks of People Living with HIV is providing support to the National AIDS Control Programme for reaching the formal and informal workers by mobilizing a world of work response to HIV and AIDS.

One of the key priorities of the national programme is to reach the informal workers, particularly the migrant and mobile workers because of their high vulnerability to HIV due to reasons such as staying away from families/home for longer duration. Moreover, discrimination, unfriendly work conditions and poor social protection aggravate their vulnerability. Majority of these workers may be unaware of what constitutes risky sexual behavior. Reaching out to these groups with HIV information is both very crucial and difficult.

Purpose of this resource material:

Little or no literacy is one of the limitations in reaching the workers in the informal economy with preventive messages on HIV/AIDS/STIs. Keeping this in view, this flip book has been developed for narrating the story of a migrant construction worker through pictures and his journey from being unaware to becoming aware about HIV/AIDS/STIs, and access to health care services etc. .

The flip book is meant for use as a communication aid by the outreach workers/ peer educators/ health educators of the informal and migrant workers interventions NGOs, trade unions other civil society organizations. This will provide guidelines/tools to the health educators/ outreach workers for conducting interactive sessions on HIV prevention, care and support with workers in the informal economy using a story-telling format through flip charts.

Overview of the story

The story is meant to give HIV and AIDS related information to the workers. The facilitator/ health educator should make the audience walk through the story. The story is followed by 'Points for discussion' which should be taken as points for initiating discussions in the context of the story. The audience should be encouraged to answer these questions, where necessary, additional information should be given by the facilitator for clarifying doubts, myths and misconceptions.

…. Aur Raha Badal gayi (..And the course changed)

Seven years back, Jhingru and Sutli migrated from their village to a big city in search of work. They earn their livelihood by working on construction sites. They also live with their three children on the same construction sites where they get work. Back in the village Jhingru has a 18 year old brother, Shimbu, a school drop-out who viles away time with friends. Jhingru brings Shimbu to the city and gets him a job on the same construction site where he works.

Shimbu soon joins a group of fun-loving workers and starts spending his evenings with them drinking, smoking and sometimes visiting sex workers. He and his peers often misbehave with the women workers on the site. His complaint reaches the site-supervisor, who then reprimands Jhingru and warns him that Shimbu will be thrown out of work if his complain comes again. Jhingru is ashamed of his brother's conduct, in the meanwhile the security officer informs him that Shimbu is getting spoiled in the company of Gopi, a co-worker at the construction site, known for his wayward habits. Jhingru is now concerned that Shimbu is wrongly influenced under peer-pressure. He is worried that if Shimbu is indulging in risky sexual behaviour, he will be vulnerable to HIV and other sexually transmitted infections. Jhingru is reminded of the counsellor he had met at the Integrated Counselling and Testing Centre (ICTC) during the course of Sutli's pregnancy. He decides to take Shimbu to the same counselor for advice.

The Counsellor patiently listens to Jhingru and assures that, "You are at the right place at the right time". He then speaks to Shimbu, alone, and discusses his lifestyle in the city. Shimbu confides that he had been indulging in risky sexual behaviour at times. The counsellor educates Shimbu about the routes of transmission of HIV/STI and the prevention methods. He also explains the risks of HIV and other STIs involved in having multiple partners and practicing unsafe sex. Shimbu is scared that he may have got the virus, to which the counsellor explains that a person's HIV status can be known through blood test. He also explains the benefits of knowing the HIV status. The counsellor explains that a HIV positive person can lead a healthy life and continue to remain physically fit if proper diet, health care, social and psychological support is provided by the family and community. He emphasizes that people Living with HIV should not be isolated or discriminated. HIV does not spread through normal social contacts such as working together, staying/ eating together or sharing tools.

Shimbu understands the situation and gets tested for HIV. The counsellor explains him the concept of window period and asks him to take the test again after three months, but during this period to avoid all risk behaviour and not to donate blood. Shimbu follows his advise and takes the test after three months, his HIV status comes out to be negative. Shimbu is relieved and is determined to stay that way. Jingru is also very happy that his brother is HIV negative.

Now, Shimbu is a changed man. He decides to share information about STI and HIV with friends and other workers at the site. Several of Shimbu's friends take his support to visit ICTC for testing and advice. He is happy when he accompanies his friend Gopi to the testing center.

Notes for the facilitator on effective usage of this Flip Book

Preparation:

- Read the text of each frame and the key messages and familiarize yourself with the story. Practice the story narration and use of flip book such as holding, showing, pointing and flipping the pages smoothly.
- It is important to have a good understanding of the basics of HIV and AIDS, STIs, condom promotion and anti-retroviral treatment, so that technically correct and accurate messages are given to the audience with clarity and confidence.

Tips for conducting the session:

- Prior to conducting the session, build rapport with the audience. Make the story narration interesting. Use appropriate voice modulation, facial expression and hand movement to bring life to the story. Hold the flip book on your one hand at the chest level; Make eye contact with the audience while narrating the story.
- Be careful of the cultural/ and other sensitivities. Avoid making derogatory statements or generalizing the characters/situation in the story with all workers. Demonstrate respect, empathy, concern and non judgmental attitude.
- Flip through the pages smoothly; without pausing too long and loosing the attention of the audience. One way to do this is to keep looking at the audience and talking as you turn the page. As you open a new page, turn to each audience and show the flip book, point to the characters in the story, ensure they are able to see and relate with the story.
- Involve the audience in discussion while narrating the story. Encourage the audience to ask questions and clarify doubts. After you complete the story, ask your audience if they knew about condoms; engage them in discussion on condom usage and lead the discussion towards condom usage and demonstration.
- Emphasize on the behaviour that make a person vulnerable to STI / HIV infection.
- While narrating the story be careful in handling the gender dimensions of HIV/AIDS. The audience should not make the impression that HIV infection comes only from sex workers. Explain the A-B-C of safe sexual behaviour, the benefits of knowing the HIV status
- Explain how HIV does not spread through normal social contacts. Say people living with HIV/AIDS should not be ostracized, neither in society nor at workplace. They can live a healthy and productive life for years.

Key questions for discussion:

1. What did you learn and what lessons do we get from this story?
2. Jingru takes Shimbu to a center, what is the name of that center?
3. What are the four modes of HIV transmission that the counselor tells Shimbu?
4. How HIV does not spread?
5. What did the counselor explain Shimbu about sexually transmitted infections?
6. Do you know how to use a condom?
7. Why did the Counselor ask Shimbu to come after three months for HIV test again?
8. What precautions did Shimbu follow during this period?
9. What are the key benefits of knowing your HIV status?
10. How should one relate with people living with HIV/AIDS?
11. What are the key points to follow and become wise like Shimbu?

परिचय तथा प्रयोग के लिए सुझाव

सन् 2009 के अन्त तक भारत में अनुमानतः 24 लाख लोग एच.आई.वी. के साथ जी रहे हैं उनमें से 83 प्रतिशत सबसे उत्पादक आयु वर्ग (15–49) वर्ष से हैं। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, यू0एन0एड्स नियोक्ता एवं श्रम संगठनों तथा एच.आई.वी. के साथ जी रहे व्यक्तियों के नेटवर्क के साथ राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का समर्थन एवं सहायता कर रहा है। ताकी श्रम की दुनिया को गतिशील बनाकर संगठित एवं असंगठित श्रमिकों तक एच.आई.वी. / एड्स बचाव कार्यक्रमों की पहुंच बनायी जा सके।

असंगठित श्रमिकों तक पहुंच बनाना राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है विशेषकर प्रवासी एवं गतिशील श्रमिक समूहों तक क्योंकि घर एवं परिवार से दूर रहने के कारण इन समूहों के लिए एच.आई.वी. का खतरा अधिक होता है। इसके अतिरिक्त भेदभाव, काम की खराब परिस्थितियां तथा सामाजिक सुरक्षा का अभाव इस खतरे को और बढ़ा देता है।

इस तरह के अधिकांश श्रमिक खतरे वाले यौन व्यवहार के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। ऐसे समूहों तक एच.आई.वी. की जानकारी पहुंचाना महत्वपूर्ण भी है और कठिन भी है।

इस संसाधन सामग्री का उद्देश्यः

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तक एच.आई.वी. / एड्स से बचाव से जुड़ी जानकारी पहुंचाने में श्रमिकों का बहुत ही कम पढ़ा लिखा होना या निरक्षर होना एक बड़ी बाधा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस फ्लिप बुक को तैयार किया गया है जिसमें एक प्रवासी श्रमिक की कहानी एवं उसकी अज्ञानता से ज्ञान की यात्रा का सचित्र वर्णन है। इस फ्लिप बुक का उपयोग सम्प्रेषण सामग्री के तौर पर असंगठित श्रमिक समूहों के बीच काम करने वाले आउटरीच कार्यकर्ता / पीअर एजुकेटर / हेल्थ एजुकेटर, श्रमिक संगठन तथा अन्य सामाजिक संगठन कर सकते हैं।

इस फ्लिप बुक में प्रयोगकर्ताओं के लिए दिशा निर्देश है जिनकी सहायता से वे असंगठित समूहों के साथ दो तरफा बात चीत पर आधारित रोचक सत्र आयोजित कर सकते हैं। कथा–आधारित इस फ्लिप बुक में एच.आई.वी. / यौनजनित संक्रमणों से बचाव एवं देखभाल और सहायता इत्यादि विषयों पर बात की गयी है।

कहानी का सारांश

इस कहानी का उददेश्य एच.आई.वी. / एड्स से जुडी सूचनायें श्रमिकों तक पहुंचाना है। फ्लिप बुक के प्रयोगकर्ता को ऐसा प्रयास करना चाहिये जिससे सुनने वाले कहानी मे खो जायें। कहानी के बाद चर्चा के बिन्दु दिये गये हैं जिनके आधार पर कहानी के सन्दर्भ मे चर्चा शुरु की जा सकती है। सुनने वालों को उत्तर देने के लिए प्रेरित करें और जहां आवश्यक हो भ्रान्तियों और अंधविश्वासों को दूर करने के लिए अतिरिक्त सूचनायें भी दें।

...... और राह बदल गई

झिंगरू और सुतली काम की तलाश मे अपने गांव से सात वर्ष पहले एक बडे शहर में आये थे। वे दोनो शहर की एक बडी कंस्ट्रक्शन साईट पर मजदूरी करते हैं वहीं मजदूरों के लिए बने अस्थायी झोपड़े में अपने तीन बच्चों के साथ रहते हैं। गांव में झिंगरू का 18 का वर्ष एक छोटा भाई शिम्बू है जो पढाई अधूरी छोड कर दोस्तों के साथ गप्पबाज़ी करने में समय बिताता है। झिंगरू शिम्बु को भी शहर ले आया और उसी कंस्ट्रक्शन साईट पर नौकरी दिलवा दी।

जल्दी ही शिम्बु मज़दूरों के एक गुट से जुड़ गया जो काम समाप्त होने के बाद खूब मौज–मस्ती करते थे। आमतौर पर यह लोग शाम का समय शराब और सिगरेट पीने मे गुजारते और कभी कभी सेक्स वर्कर के पास भी जाते। शिम्बु और उसके दोस्त साईट पर काम करने वाली लडकियें पर गंदे इशारे और छींटाकशी करते रहते थे। कंपनी के सुपरवाइजर ने झिंगरू को बुलाकर शिम्बु द्वारा महिला मज़दूरों के साथ बदतमीजी करने के बारे में बताया और कहा कि वह शिम्बु को नौकरी से निकाल देगा। झिंगरू इस बात से बहुत परेशान था कि उसके भाई के कारण उसकी बदनामी हुयी। इसी बीच साइट पर सुरक्षा काम देखने वाले शेरसिंह राणा ने झिंगरू को बताया कि शिम्बू गोपी नाम के एक मजदूर की संगत में गलत आदतें सीख रहा है जो अपनी खराब आदतों के लिए बदनाम है।

झिंगरू बहुत ही चिंतित था क्योंकि उसका भाई गलत संगत में पड़ गया था। इसके अलावा वह यह भी जानता था कि रेड लाईट एरिया में जाने से शिम्बू को एचआईवी तथा अन्य यौनजनित संक्रमण हो सकते है। उसे यह बातें सुतली की गर्भावस्था के समय अस्पताल मे स्थित एकीकृत जांच एवं परामर्श केन्द्र के कांऊसलर ने बतायी थी जब वह सुतली की प्रसवपूर्व जांच के लिये अस्पताल आया था। झिंगरू ने तय किया कि वह शिम्बू को सलाह के लिए उसी कांऊसलर के पास ले जायेगा।

कांऊसलर ने झिंगरू की पूरी बात बहुत धैर्य से सुनी और कहा ''आप सही जगह सही समय पर आये है'' उसने शिम्बू से एकान्त में बात की और शहर मे उसकी दिनचर्या के बारे मे पूछा। शिम्बू ने स्वीकार किया कि कभी कभी वह शहर मे सेक्स वर्कर के पास जाता है और सेक्स संबध भी बनाता है। कांऊसलर ने शिम्बू को एचआईवी / यौन जनित संक्रमण फैलने के तरीकों तथा इससे बचाव के बारे मे बताया। उसने शिम्बू को बहुत से यौन साथियों से संबध और असुरक्षित यौन संबधों से एचआईवी और यौन जनित संक्रमण के खतरों के बारे मे भी बताया। शिम्बू डर गया और उसने सोचा कि उसे यह संक्रमण हो गया होगा। कांऊसलर ने बताया कि किसी व्यक्ति की एच.आई.वी. स्थिति का पता केवल रक्त जांच से ही चल सकता है। उसने शिम्बू को एच.आई.वी. स्थिति को जानने के लाभों के

बारे में भी समझाया। कांऊसलर ने शिम्बू को बताया कि उचित खानपान, देखभाल, परिवार और समाज के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक सर्मथन से एच.आई.वी के साथ जी रहा व्यक्ति भी स्वस्थ जीवन जी सकता है और कार्य भी कर सकता है। कांऊसलर ने इस बात पर जोर दिया कि एच.आई.वी के साथ जी रहे व्यक्ति को अलग–थलग करने, उससे डरने या उसके साथ भेदभाव करने की आवश्यकता नही है। एच.आई.वी सामान्य सामाजिक सर्म्पकों से नही फैलता है जैसे– साथ काम करना, साथ खाना, साथ रहना, औज़ारों का साझा प्रयोग करना।

शिम्बू ने स्थिति को समझते हुये एचआईवी जांच के लिये अपनी सहमति दे दी। कांऊसलर ने उसे 'विंडो पीरियड' के बारे मे बताया और दोबारा जांच के लिये तीन महीने बाद बुलाया। इस दौरान उसे किसी भी खतरे वाले व्यवहार से दूर रहने, रक्त दान करने की मनाही थी। तीन महीने बाद शिम्बू दोबारा एचआईवी की जांच के लिये आया। इस बीच कांऊसलर द्वारा बतायी गयी सभी बातों का ध्यान रखा। शिम्बू को जांच रिपोर्ट मिल गयी। उसे बहुत राहत महसूस हुयी जब उसे पता चला कि उसे एचआईवी का संक्रमण नहीं है। झिंगरु भी बहुत खुश था कि उसके भाई को एचआईवी का संक्रमण नहीं है।

इस धटना ने शिम्बू को पूरी तरह बदल दिया उसने तय किया कि वह एचआईवी/यौन जनित संक्रमण से जुडी जानकारी को अपने साथियों और दूसरे मजदूरों को बतायेगा। शिम्बू के बहुत से साथियों ने एकीकृत जांच एवं परामर्श केन्द्र मे जांच एंव सलाह दिलवाने में उसकी मदद मांगी। शिम्बू को तब बहूत खुशी हुयी जब वह गोपी को लेकर कांउसलर के पास गया।

फ्लिप बुक के प्रभावी प्रयोग के लिए सुझाव तैयारी :

- फ्लिप बुक में बतायी गयी कहानी एवं उसके पात्रों से अच्छी तरह परिचित हो लें। कहानी को बताने का अभ्यास करें तथा सभी महत्वूर्ण संदेशों को भली–भांति समझ लें। फ्लिप बुक को सही तरीके से पकड़ना तथा पन्नों को पलटना और सुनने वालों का ध्यान चित्रों की ओर इंगित करने का पूर्वाभ्यास आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है।
- सत्र संचालित करने वाले के पास एच.आई.वी./एड्स, यौन जनित संक्रमण, कण्डोम का प्रयोग तथा ए.आर.टी. इत्यादि की बुनियादी जानकारी और समझ होना आवश्यक है ताकि सुनने वालों तक तकनीकी रूप से सही संदेश पहुंचे।

सत्र संचालन के लिए सुझाव :

- सत्र शुरू करने से पहले सौहार्दपूर्ण माहौल बनाना आवश्यक है। कहानी को रूचिकर बनाकर पेश करें। आवाज का उतार चढ़ाव, चेहरे के भाव तथा हाथों के इशारे से कहानी में जान आती है। एक हाथ से फ्लिप बुक को पकड़ें तथा सीने के स्तर पर रखें तथा कहानी सुनाते समय सुनने वालों से आँखों का सम्पर्क बनाकर रखें।
- सामाजिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं के प्रति संवेदनशील रहें। किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी से बचें एवं कहानी के पात्र एवं परिस्थितियों को सभी श्रमिकों के जीवन से न जोड़ें। आदर, समानता और गैर पक्षपाती रवैया सत्र संचालन को प्रभावी बनाता है।
- फ्लिप बुक के पन्नों को सहजता से पलटें। सुनने वालों का ध्यान आपकी ओर बना रहे इसके लिए उनकी ओर देखते और बोलते रहें और हाथों से पन्नों को पलटते रहें, जब एक नया पन्ना खोलें तो उनका ध्यान चित्र की ओर आकर्षित करें ताकि वे कहानी के पात्रों से जुड़ सकें।
- कहानी सुनाते समय बीच बीच में उनसे चर्चा भी करें। उनको प्रश्न पूछनें के लिए प्रेरित करें और उनकी शंकाओं का निवारण करें। कहानी समाप्त करने के बाद उनसे कण्डोम के बारे में पूछें और कण्डोम के प्रयोग के बारे में चर्चा करें। इस चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कण्डोम प्रयोग के प्रदर्शन की बात करें।
- उन व्यवहारों पर जोर दें जिनसे एच.आई.वी. और यौन जनित संक्रमणों का खतरा बढ़ता है।
- कहानी सुनाते समय एच.आई.वी./एड्स से जुड़े लैंगिक आयामों के प्रति सावधान रहें। सुनने वालों को यह नहीं लगना चाहिए कि एच.आई.वी. केवल महिला यौन कर्मियों द्वारा ही फैल रहा है। सुरक्षित यौन व्यवहार से जुड़ी ए–बी–सी रणनीति और एच.आई.वी. स्थिति को जानने के लाभों के बारे में समझायें।
- समझायें की एच.आई.वी. सामान्य सामाजिक सर्म्पकों से नहीं फैलता है। एच.आई.वी. के साथ जी रहे व्यक्तियों का न तो समाज एवं परिवार और न ही कार्य स्थलों से वहिष्कार होना चाहिए। ऐसे लोग वर्षों तक स्वस्थ्य एवं उत्पादक जीवन जी सकते हैं।

चर्चा के लिए मुख्य प्रश्न :

1. **आपने क्या सीखा और इस कहानी से हमें क्या सींखें मिलती है?**
2. **झिंगरू शिम्बू को एक केन्द्र ले गया था उस केन्द्र का नाम क्या है?**
3. **कांऊसलर ने शिम्बू को एच.आई.वी. संक्रमण के चार कौन से तरीके बताये?**
4. **एच.आई.वी. कैसे नहीं फैलता है?**
5. **कांऊसलर ने शिम्बू को यौन जनित संक्रमणों के बारे में क्या बताया?**
6. **क्या आप कण्डोम प्रयोग करना जानते हैं?**
7. **कांऊसलर ने शिम्बू को एच.आई.वी. के दोबारा परीक्षण के लिए तीन महीनें बाद क्यों बुलाया?**
8. **शिम्बू ने उस अवधि में क्या सावधानियां अपनाई थी?**
9. **अपनी एच.आई.वी. स्थिति जानने के मुख्य लाभ क्या हैं?**
10. **एच.आई.वी. के साथ जी रहे व्यक्तियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?**
11. **शिम्बू की तरह समझदार बनने के लिए किन मुख्य बातों का पालन करना पड़ेगा?**

This story is about Shimbu, a young construction worker from a village, how gets influenced by the life in the city, treads the wayward path. Then he realizes the risks that could impact his life, becomes wise and changes his path and leads his friends and other workers towards the new path.

Jhingru and Sutli with their three children are settled at the construction site in a big city. Jhingru came from his village to this city with his wife, seven years back in search of work. He has earned good reputation from his employer as senior and skilled worker.

यह कहानी एक नौजवान मज़दूर शिम्बू की है जो गांव से शहर में काम करने आया था। एच.आई.वी. और यौन रोगों के खतरों से अनजान शिम्बू ने कैसे समझदारी का रास्ता चुना और अपने साथियों को भी इन खतरों से बचाया।

झिंगरू और सुतली एक बड़े शहर के निर्माण स्थल पर मज़दूरों के लिए बने अस्थायी झोपड़े में अपने तीन बच्चों के साथ रहते हैं। झिंगरू अपनी पत्नी के साथ सात वर्ष पहले इस शहर में आया था। एक पुराने और समझदार श्रमिक के तौर पर ठेकेदार और मालिक से झिंगरू को बहुत सम्मान मिलता था।

गांव में झिंगरू का एक छोटा भाई था। वह 18 साल का एक मौज–मस्ती करने वाला लड़का था। झिंगरू चाहता था कि वह पढ़ाई पूरी करे। परन्तु शिम्बू को स्कूल से निकाल दिया गया क्योंकि उसका मन पढ़ाई में बिल्कुल नही ंलगता था। वह अपना सारा समय खेलने, मछली पकड़ने और दोस्तों के साथ गप्पबाज़ी करने में बिताता था।

Back in the village, Jhingru has a 18 year old brother- Shimbu- a fun loving youth. Jhingru wanted him to continue his study. However, Shimbu dropped out of school as studies never interested him. He spent most of his time playing, fishing and gossiping around with his friends in the village.

Upon his father's advice, Jhingru brings Shimbu to the city and gets him a job at the construction site with the help of his supervisor. Jhingru is happy that his brother too has started working.

अपने पिता की सलाह मानते हुए झिंगरू शिम्बू को भी शहर ले आया और अपने सुपरवाइजर से कह कर शिम्बू को भी उसी जगह नौकरी दिलवा दी। शिम्बू बहुत जल्दी ही इस तरह के जीवन का आदी हो गया। झिंगरू भी खुश था कि उसका भाई भी काम–धंधे में लग गया।



Soon, Shimbu joins a group of other workers who too are fun loving like him. They usually spend their evening together, eating, listening to music and gambling. Even drinking and smoking along with his friends in the city.

जल्दी ही शिम्बू मज़दूरों के एक गुट से जुड़ गया जो काम समाप्त होने के बाद खूब मौज–मस्ती करते थे। आमतौर पर यह लोग शाम का समय एक साथ खाना खाने, गाना सुनने या जुआ खेलने में व्यतीत करते थे। अक्सर शिम्बू और उसके दोस्त शहर जाते और खूब शराब और सिगरेट पीते।

STD
ISD
PCO

One day Jhingru's wife, Sutli informs him that some women workers at the site were complaining about misbehaviour by Shimbu and his friends and that they would complain to their supervisor.

एक दिन सुतली ने झिंगरू को बताया कि निर्माण स्थल पर काम करने वाली कुछ महिलांए शिम्बू और उसके साथियों की शिकायत कंपनी के सुपरवाइजर से करने वाली हैं क्योंकि शिम्बू और उसके दोस्त काम करने के दौरान कई बार गंदे इशारे और छींटाकशी करते रहते हैं।

कंपनी के सुपरवाइजर ने झिंगरू को बुलाकर शिम्बू और उसके साथियों द्वारा महिला मज़दूरों के साथ छींटाकशी करने के बारे में बताया और कहा कि वह शिम्बू को नौकरी से निकाल देगा। झिंगरू ने सुपरवाइजर से विनती की कि वह शिम्बू को एक मौका दे और उसे माफ कर दे। सुपरवाइजर ने झिंगरू की प्रार्थना मान ली लेकिन चेतावनी दी कि भविष्य में यदि उसने इस तरह की शिकायत सुनी तो वह फौरन शिम्बू को नौकरी से निकाल देगा।

Later, Jhingru's site-supervisor reprimands him about Shimbu's misconduct with women workers and says that he would throw him out from work. Jhingru pleads the supervisor to pardon Shimbu and requests for one more chance. The supervisor agrees but warns that if he receives any more complaints in the future, he would immediately remove Shimbu.

SITE
OFFICE



Jhingru is very upset that his reputation has suffered because of his brother. That day he scolds and beats up Shimbu. Security in-charge of the construction site, Sher Singh Rana tells Jhingru that Shimbu is in the company of Gopi, a worker who is wayward in his conduct. Rana also informs that he has come to know that Shimbu and Gopi are visiting the nearby red light areas.

झिंगरू इस बात से बहुत परेशान था कि उसके भाई के कारण उसकी बदनामी हुई। उसने शिम्बू को बुलाकर खूब डांटा–फटकारा और मारा। साइट पर सुरक्षा काम देखने वाले शेरसिंह राणा ने झिंगरू को बताया कि शिम्बू गोपी नाम के एक मज़दूर की संगत में गलत आदतें सीख रहा है। राणा ने झिंगरू को यह भी बताया कि उसने सुना है कि गोपी और शिम्बू पास के ही एक रेड लाइट एरिया में भी जाते है।





That night, Jhingru gets worried because he is aware that visiting red light areas could put Shimbu at risk of HIV infection and other sexually transmitted infections. He is reminded of the discussion he has had with the counselor at the HIV testing center during Sutli's pregnancy.
That:

- ***There is risk of HIV infection in having unprotected sex with non-regular partners; and***
- ***HIV is a human virus that attacks and gradually weakens the body's immune system- that is the body's ability to fight infections, and there is no cure for this infection;***

Jhingru decides to take help of the counselor at the Counseling and Testing Center to advise his brother.

उस रात झिंगरू बहुत बेचैन था क्योंकि वह यह जानता था कि रेड लाईट एरिया में जाने से शिम्बू को एच.आई.वी. तथा अन्य यौनजनित संक्रमण हो सकते हैं। उसे यह बातें सुतली की गर्भावस्था के समय अस्पताल के परामर्शदाता ने बतायी थी जब वह सुतली की प्रसवपूर्व जाँच के लिए अस्पताल आया था क्योंकि :

1. अनजान व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एच.आई.वी. संक्रमण का खतरा हो सकता है।
2. एच.आई.वी. मानव को संक्रमित करने वाला वायरस है। मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद यह मानव की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता पर आक्रमण करता है तथा धीरे–धीरे उसे समाप्त कर देता है और एच.आई.वी. का कोई इलाज नहीं है।

झिंगरू ने तय किया कि सही सलाह के लिए वह शिम्बू को एकीकृत जाँच एवं परामर्श केन्द्र के कांउसलर के पास ले जाएगा।

एच.आई.वी...!
बचाव?
खतरा...
रक्त जांच...
यौनजनित संक्रमण...
उपाय
इलाज नहीं है!

Jhingru takes Shimbu to the **Integrated Counseling and Testing Center (ICTC)** in a nearby hospital. After listening to Jhingru patiently, the counselor assures that “You are at right place at right time**”.** He says that he would like to talk to Shimbu in private.

झिंगरू शिम्बू को निकट के एक एकीकृत जाँच एवं परामर्श केन्द्र पर ले गया। कांउसलर ने झिंगरू की पूरी बात बहुत ध्यान से सुनी और कहा ''आप सही जगह सही समय पर आए हैं'' उसने झिंगरू को बताया कि उसे शिम्बू से एकान्त में बात करना है।

एकीकृत जांच
एवं परामर्श केन्द्र

The counselor assures Shimbu that their discussion will be kept confidential. This makes Shimbu comfortable to shares his personal information. Shimbu shares with Counselor about his friends, visit to the city and influence of his friends to visit red light areas. Counselor tells Shimbu that HIV is a virus, found in HIV infected person's body fluids such as blood, semen, vaginal secretions and breast milk. The HIV infection gets passed on to others through four ways:

- Through unprotected sex with an infected person;
- Transfusion of infected blood and blood products;
- Sharing of infected needles/ syringes & other skin piercing instruments; and
- From infected mother to her baby- during pregnancy, child birth or through breast feeding.

HIV after entering the human body, gradually destroys the immune system i.e the body's ability to fight infections. He explains that HIV and AIDS are different: HIV is a virus and AIDS the condition that indicates weakened immune status and presence of several illnesses caused by this virus. There is no cure for HIV infection. However, with the help of Antiretroviral therapy (ART) a person can live a productive life.

The counsellor also explained that HIV does not spread through normal social contacts like - sharing utensils, shaking hands, using the same toilet or working with a HIV infected person.

कांउसलर ने शिम्बू को आश्वस्त किया कि वह जो भी बात करेगा वह बिल्कुल गोपनीय रहेगी। कांउसलर की इस बात से शिम्बू को काफी राहत मिली। शिम्बू ने कांउसलर को अपने दोस्तों और शहर मे घूमने फिरने तथा रेड लाइट एरिया में जाने के बारे में बताया। कांउसलर ने शिम्बू को बताया कि एच.आई.वीं एक वायरस है जो संक्रमित व्यक्ति के शरीर के द्रव्यों जैसे रक्त, वीर्य, योनि स्राव तथा माँ के दूध इत्यादि में पाया जाता है। उसने शिम्बू को यह भी बताया कि एच.आई.वी. एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में चार तरीकों से प्रवेश कर सकता है।

– संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने से।
– संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद चढ़ाये जाने से/संक्रमित सुई के सांझा प्रयोग से।
– त्वचा छेदे जाने वाले उपकरणों के सांझा प्रयोग से।
– संक्रमित माँ से उसके होने वाले बच्चे को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के दौरान या स्तनपान के समय।

एच.आई.वी. मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता पर आक्रमण करता है और धीरे–धीरे उसे समाप्त कर देता है। एच.आई.वी. और एड्स अलग–अलग है। एड्स एच.आई.वी. संक्रमण से उत्पन्न अंतिम अवस्था है। इस अवस्था में व्यक्ति को कई संक्रमण हो जाते हैं क्योंकि रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बहुत कम हो जाती है। अभी एच.आई.वी. का कोई इलाज नहीं है परन्तु ए.आर.टी. के रुप में ऐसी दवाएं उपलब्ध हैं जो एच.आई.वी. से एड्स की अवस्था को लंबा कर देती है।

कांउसलर ने शिम्बू को यह भी बताया कि एच.आई.वी. सामान्य सामाजिक सम्पर्कों जैसे– बर्तनों का साझा प्रयोग, हाथ मिलाना, एक ही शौचालय के प्रयोग तथा एच.आई.वी. से प्रभावित व्यक्ति के साथ काम करने से नही फैलता है।

एच.आई.वी. चार कारणों से फैल सकता है:
1
2
3
4
एच.आई.वी. नहीं फैलता है:
परामर्शदाता
COUNSELLOR

The Counselor explains Shimbu that HIV infection can be prevented, he added that the risk of HIV transmission through sexual mode can be avoided by:

A - Abstaining from all sexual contacts,

B - Being faithful (mutually) to ones' sexual partner and

C- Consistent and correct use of condoms during all sexual relationships.

The counsellor told Shimbu that “Unprotected sex”, i.e sexual encounters with any person (other than his/her regular partner) without the use of condoms puts a person at risk of HIV and Sexually Transmitted infection. He also mentioned that there is higher level of risk involved in anal sex.

कांउसलर ने उसे बताया कि एच.आई.वी. से बचा जा सकता है और यौन संबंध द्वारा एच.आई.वी. संक्रमण की संभावना को इन उपायों से कम किया जा सकता है–

ए – ए यानि एबस्टेनंस का अर्थ है यौन संबंधों में ‘संयम’

बी – बी का अर्थ है अपने यौन साथी के प्रति वफादार रहना और

सी – सी का अर्थ है, प्रत्येक यौन संबंध में कंडोम का सही प्रयोग।

कांउसलर ने शिम्बू को बताया कि ‘असुरक्षित यौन संबंध’ यानि नियमित यौन साथी के अलावा किसी अनजान व्यक्ति से कंडोम के बगैर यौन संबंध बनाने से एच.आई.वी. और यौन जनित संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। कांउसलर ने उसे यह भी बताया कि गुदा मैथुन से संक्रमण का खतरा अधिक होता है।

कण्डोम के प्रयोग द्वाराः
यौन रोगों तथा
एच.आई.वी. संक्रमण से बचें
अनचाहे गर्भ से बचें
कण्डोम अत्यधिक प्रभावी यदि
सही ढंग से निरन्तर प्रयोग किया जाए।

The Counselor tells Shimbu that: Sexually Transmitted Infections (STIs) or locally known as sexual diseases, predominantly spreads through sexual contacts. The symptoms of STIs are: ulcers, swelling and pain in and around the male and female genitals; pus like discharge from the penis; thick, yellow, curd-like and foul smelling unusual discharge from vagina; lower abdominal pain among women; with or without other symptoms such as itching, burning during urination and pain during sexual intercourse. Counselor also explains that :

1. **Presence of STIs can increase a person's risk of becoming infected with HIV, about 3 to 10 times, depending upon the nature of STI;**
2. **If not properly treated STIs can result in severe complications such as infertility, abortions, still birth, birth defects, cancer of the cervix, death due to sepsis, ectopic pregnancy, loss of sight in babies.**
3. **With timely diagnosis and treatment from a qualified medical doctor most of the STIs are completely curable except HIV; and**
4. **Consistent and correct use of condoms is one of the main protections against STIs and HIV infection.**

कांउसलर ने शिम्बू को बताया कि यौनजनित संक्रमण स्थानीय बोलचाल में 'गुप्त रोग' के नाम से भी जाने जाते हैं। यह संक्रमण मुख्यतः यौन संबंधों से फैलते हैं। यौनजनित संक्रमण के लक्षण हैं – जननांगों में या आस–पास घाव, पुरुषों और स्त्रियों में जननागों में या पास में सूजन या दर्द का होना, पुरुष जननांग से पीप की भांति गाढ़ा स्राव निकलना, योनि से गाढ़ा, बदबूदार, दही के समान स्राव निकलना, औरतों में पेड़ का दर्द; जो कि दूसरे लक्षणों के साथ या इनके बगैर भी हो सकता है जैसे खुजली, जलन पेशाब के समय, संभोग के समय दर्द इत्यादि। कांउसलर ने उसे यह भी बताया कि –

1. यौनजनित संक्रमण होने की दशा में एच.आई.वीं का खतरा 3 से 10 गुना बढ़ जाता है जो कि यौनजनित संक्रमण के प्रकार पर निर्भर करता है।
2. ठीक से इलाज न कराने की दशा में यौनजनित संक्रमणों से कई जटिलताएं हो सकती हैं जैसे बांझपन, गर्भपात, मरा हुआ बच्चा पैदा होना, जन्म दोष, कैंसर, एक्टोपिक गर्भावस्था और शरीर में विष फैलने के कारण मौत भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त नवजात शिशु अंधा भी हो सकता है।
3. यदि समय से पता चले और इलाज हो जाये तो एच.आई.वी. के अतिरिक्त अधिकतर यौनजनित संक्रमण पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। इसका इलाज प्रशिक्षित चिकित्सक के द्वारा होना चाहिए; और
4. निरंतर और सही ढंग से कंडोम का प्रयोग यौनजनित संक्रमण एवं एच.आई.वी. के विरूद्ध मुख्य बचाव है।

यौनजनित संक्रमण
का इलाज आवश्यक है
क्योंकि :–
एच.आई.वी. चार कारणों से फैल सकता है:
1
2
3
4
एच.आई.वी. नहीं फैलता है:

The counselor further tells Shimbu that, “if you think that you have been in any one of the risk situation explained before, it is important to undergo HIV testing. One cannot know from looking at a person that he / she is HIV infected. Only a blood test can tell a person's HIV status.”

Shimbu gives his consent for the HIV test. The counselor takes him to the Laboratory Technician for HIV testing. Shimbu requests the counselor to handover the test results on the same day so he need not take another day off from work. After some time, counselor hands over the test results to Shimbu. Shimbu was relieved that his test did not show HIV infection. The Counselor realizes that Shimbu may be in Window Period (HIV test can detect the infection only after 3 to 12 weeks from the time of infection, during this period, although the infection is present in a person's body, HIV test does not detect it, however the person can pass on the infection during this period). He asks Shimbu to come for the test again after three months.

कांउसलर ने शिम्बू से कहा कि, ''यदि तुम ऐसा सोचते हो कि तुम्हें जो बातें बताई गई हैं उसके आधार पर तुम्हें कोई खतरा है तो तुम्हारे लिये यह जरूरी होगा कि तुम अपनी एच.आई.वी. जाँच करवा लो। किसी व्यक्ति को देखकर उसकी एच.आई.वी. स्थिति का पता नहीं लगाया जा सकता। केवल रक्त जाँच से ही पता चलेगा कि एच.आई.वी. संक्रमण है कि नहीं।''

शिम्बू ने एच.आई.वी. जाँच के लिए अपनी सहमती दे दी। कांउसलर शिम्बू को लेकर लैब तकनीशियन के पास गया। शिम्बू ने उससे कहा कि यदि जाँच की रिपोर्ट उसे एक दिन के भीतर मिल जाये तो वह दूसरे दिन अपने काम पर जा सकता है। कांउसलर ने कुछ समय बाद उसे जाँच रिपोर्ट सौंप दी। शिम्बू को यह जानकर बहुत राहत मिली कि उसे एच.आई.वी. नहीं है परन्तु कांउसलर सुनिश्चित करना चाहता था कि कहीं शिम्बू 'विंडो पीरियड' में तो नहीं है? (एच.आई.वी. संक्रमण के 3 से 12 हफ्ते के बाद ही रक्त में ऐंटीबाडीज़ का पता चलता है जिससे एच.आई.वी. स्थिति की पुष्टि होती है। संक्रमण से लेकर जाँच में मापी जाने वाली ऐंटीबाडीज़ की मात्रा बनने की अवधि को विंडो पीरियड कहते हैं। इस अवस्था में संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमण हो सकता है)। कांउसलर ने उसे दोबारा जाँच के लिए तीन महीने बाद बुलाया।




एकीकृत जांच
एवं परामर्श केन्द्र

While waiting for the three months before taking the HIV test again, Shimbu remembers to follow all that the Counselor had explained about HIV and STI like: Do not indulge in unprotected sex; Always use condoms correctly and consistently; If required take blood from authorized blood banks; Do not ignore any of the symptoms appearing in and around genital area as this could be STI; Consult Registered medical practitioner/qualified doctor in case of a STI.

After three months Shimbu goes back to get his test done. Once again he was completely relieved to know that he is HIV negative and determines to stay that way. He shares the results with Jhingru; they both hug each other in great relief.

तीन महीने बाद शिम्बू दोबारा एच.आई.वी. की जाँच के लिए आया। इस बीच कांउसलर द्वारा बताई गयी सभी बातों का ध्यान रखा, कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के साथ बगैर कंडोम के शारीरिक संबंध न बनाए,कंडोम को प्रयोग करना आना चाहिए और प्रत्येक शारीरिक संबंध के समय इसका प्रयोग करे, अगर कभी खून की जरूरत पड़े तो सरकार द्वारा अधिकृत ब्लड बैंक से खून लें, गुप्तांगों (पेशाब करने का स्थान) के आस–पास कभी भी कोई घाव हों या कोई और तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें क्योंकि यह यौन रोग के लक्षण हो सकते हैं, यदि यौन रोग हो तो हमेशा किसी रजिस्टर्ड और प्रमाणित डॉक्टर के पास जाएं।

थोड़ी देर इंतजार करने के बाद शिम्बू को जाँच रिपोर्ट मिल गयी। एक बार फिर उसे बहुत राहत मिली जब उसे पता चला कि उसे एच.आई.वी. संक्रमण नहीं है। उसने यह बात झिंगरु को बताई और दोनों भाई भावुक होकर एक दूसरे से लिपट गए।

परामर्शदाता
COUNSELLOR

Now, Shimbu is a changed man. He decides to tell his friends and other workers at the site about the risk factors for HIV infection and STIs and how it can be prevented. He talks about correct and consistent usage of condoms and the symptoms of STIs.

He informs about the HIV conselling and testing centre in the government hospital. He also tells that there is no cure for HIV infection but a person with HIV can continue to work and remain physically fit with proper diet, health care, social and psychological support from the family and community. He informs about the free ART treatment available at the government hospitals that can prolong the life of a person living with HIV.

He tells his friends that HIV does not spread through normal social contacts such as working together, staying/ eating together or sharing tools and there is no need to isolate, stigmatize or fear a Person Living with HIV.

इस घटना ने शिम्बू को पूरी तरह बदल दिया उसने तय किया कि वह इस जानकारी को अपने साथियों और दूसरे मजदूरों को बतायेगा। उसने अपने साथियों को एच.आई.वी. तथा यौन जनित संक्रमण के खतरे और इससे बचाव के बारे में बताया। उसने निरंतर और सही ढंग से कंडोम का प्रयोग तथा यौन जनित संक्रमण के लक्षणों के बारे में भी बात की।

उसने उन्हें सरकारी अस्पतालों में एकीकृत जांच एवं परामर्श केन्द्र की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी। उसने यह भी बताया कि एच.आई.वी का कोई इलाज नहीं है परन्तु एच.आई.वी. से प्रभावित व्यक्ति भी एक स्वस्थ और सामान्य जीवन जी सकता है तथा शारीरिक रुप से सक्षम रह कर सभी कार्य कर सकता है, यदि उसे उचित आहार, स्वास्थ्य देखभाल एवं परिवार और समाज से सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक मदद मिले। उसने बताया कि एच.आई.वी. से प्रभावित व्यक्तियों के जीवन को लंबा करने के लिए सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क ए.आर.टी. वितरण की सुविधा उपलब्ध है।

उसने अपने साथियों को बताया कि एच.आई.वी. सामान्य सामाजिक सम्पर्कों जैसे – साथ काम करना, साथ रहना, साथ खाना और औज़ारों के साझा प्रयोग से नहीं फैलता है इसलिए एच.आई.वी. के साथ जी रहे व्यक्ति को अलग थलग करने, उसके साथ भेदभाव करने या उससे डरने की आवश्यकता नहीं है।

Several of Shimbu's friends seek his support to go for ICTC counselor. He was very happy when he accompanies Gopi to the testing center. Through this work, he gains respect and appreciation from his co-workers at the site. Jingru was happy to see his brother not only working but also saving lives of other workers by sharing information about HIV and AIDS.

शिम्बू के बहुत से साथियों ने एकीकृत जाँच एवं परामर्श केन्द्र के कांउसलर से मिलने के लिए उसकी मदद मांगी। शिम्बू को तब बहुत खुशी हुई जब वह गोपी को लेकर कांउसलर के पास गया। अपने इन प्रयासों से साईट पर अब लोग उसको सम्मान की नज़र से देखते थे। झिंगरू को इस बात की बेहद खुशी थी कि उसका भाई काम के साथ–साथ एच.आई.वी. और एड्स की जागरुकता बढ़ा कर दूसरे मज़दूरों का जीवन बचाने का काम भी कर रहा है।

एकीकृत जांच
एवं परामर्श केन्द्र

चर्चा के लिए मुख्य प्रश्न :

1. आपने क्या सीखा और इस कहानी से हमें क्या सीखें मिलती हैं?
2. झिंगरू शिम्बू को एक केन्द्र ले गया था उस केन्द्र का नाम क्या है?
3. कांऊसलर ने शिम्बू को एच.आई.वी. संक्रमण के चार कौन से तरीके बताये?
4. एच.आई.वी. कैसे नहीं फैलता है?
5. कांऊसलर ने शिम्बू को यौन जनित संक्रमणों के बारे में क्या बताया?
6. क्या आप कण्डोम प्रयोग करना जानते हैं?
7. कांऊसलर ने शिम्बू को एच.आई.वी. के दोबारा परीक्षण के लिए तीन महीनें बाद क्यों बुलाया?
8. शिम्बू ने उस अवधि में क्या सावधानियां अपनाई थी?
9. अपनी एच.आई.वी. स्थिति जानने के मुख्य लाभ क्या हैं?
10. एच.आई.वी. के साथ जी रहे व्यक्तियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?
11. शिम्बू की तरह समझदार बनने के लिए किन मुख्य बातों का पालन करना पड़ेगा?

एकीकृत जांच एवं परामर्श केन्द्र

श्रम की दुनिया मे एचआईवी/एड्स की रोकथाम: एक त्रिपक्षीय प्रतिक्रिया

आईएलओ इंडिया प्रोजेक्ट, अमेरिकी श्रम विभाग/
पीईपीएफएआर द्वारा समर्थित

यूएनएड्स की सहभागी संस्थाओं मे से आईएलओ एक है

आईएसबीएन : 978-92-2-025031-0 (print)
आईएसबीएन : 978-92-2-025032-7 (web pdf)

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
भारत पर्यावास केन्द्र, कोर 4–बी. तीसरा माला, लोदी रोड
नई दिल्ली–110003 (भारत)

फोन : +91 11 24602101–03, फैक्स : +91 11 24602111
ईमेल : delhi@ilo.org

International Labour Organization

UNAIDS
JOINT UNITED NATIONS PROGRAMME ON HIV/AIDS
UNHCR UNICEF WFP UNDP UNFPA UNODC ILO UNESCO WHO WORLD BANK

वैबसाइट: www.ilo.org/hivaidsindia